भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3171
गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में प्रसाद योजना और स्वदेश दर्शन योजना

3171 श्री आर. धरमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में वर्तमान में क्रियान्वित की जा रही प्रसाद योजना और स्वदेश दर्शन योजना का ब्यौरा क्या है, तथा प्रत्येक योजना के अंतर्गत कितनी परियोजनाएं और कितने क्षेत्र शामिल हैं;

(ख) दोनों योजनाओं के अंतर्गत तमिलनाडु को कुल कितना वित्तीय आवंटन किया गया है, तथा पिछले वित्तीय वर्ष में निधि उपयोग की प्रगति क्या रही;

(ग) तमिलनाडु में प्रसाद योजना के अंतर्गत कौन-कौन से विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल विकसित किए गए हैं या किए जा रहे हैं, तथा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पर्यटन अवसंरचना में क्या सुधार किए गए हैं; और

(घ) इन योजनाओं के माध्यम से, विशेष रूप से तमिलनाडु के ग्रामीण या कम विकसित क्षेत्रों में, पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी वर्तमान में जारी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को संपूरित करता है। तमिलनाडु में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत जारी और उपयोग की गई निधियों सहित स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): प्रशाद और स्वदेश दर्शन की केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के अंतर्गत, पर्यटन मंत्रालय तमिलनाडु सहित संपूर्ण भारत में समग्र रूप से पर्यटन अवसंरचना का विकास करना चाहता है, जिसके परिणामस्वरूप पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि हो सके।

*****

अनुबंध

श्री आर. धरमार द्वारा तमिलनाडु में प्रसाद योजना और स्वदेश दर्शन योजना के संबंध में दिनांक 27.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3171 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

तमिलनाडु में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1	कांचीपुरम का विकास	13.99	14.84*
2	वेलंकन्नी का विकास	4.86	4.86

*राज्य सरकार द्वारा उच्चतर उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया था।

तमिलनाडु में प्रशाद योजना के तहत चिह्नित स्थलों की सूची:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**
1.	तमिलनाडु में 8 स्थानों पर नवग्रह मंदिर 1. श्री कैलासनाथर मंदिर, थिंगालूर, तंजावुर जिला 2. गुरु भगवान मंदिर, अलंगुडी, तंजावुर जिला 3. श्री नागनाथार मंदिर, थिरुनागेश्वरम, तंजावुर जिला 4. श्री सूर्यनार मंदिर, थिरुविदाईमारुथुर, सूर्यनार कोविल, तंजावुर जिला 5. श्री अग्निश्वरर मंदिर, कंजानूर, तंजावुर जिला 6. श्री वैथीश्वरन मंदिर, वैथीश्वरन कोविल, मयिलादुथुराई जिला 7. श्री नागनाथ स्वामी मंदिर, कीलापेरुमपल्लम, मयिलादुथुराई जिला 8. सुवेथारण्यश्वर मंदिर, थिरुवेंकाडु, मयिलादुथुराई जिला

तमिलनाडु में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ/वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1	तटीय परिपथ 2016-17	(चेन्नई- मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास	73.13	71.03

तमिलनाडु में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	**गंतव्य**	**एक्सपीरियंस का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**उपयोग की गई राशि**
1	मामल्लापुरम	शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस	30.02	-

*****